दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू।
पुनारावृति पत्रिका (2016–17)

कक्षा – पाँचवी | विषय : हिन्दी

नाम : ———————————— | अनुक्रमांक : ——————

उपविषय : पाठ : 10 गुलीवर की विचित्र यात्रा, पाठ : 11 ओणम, पाठ : 13 दीये का अभियान, संबंधित अ० पुस्तिका

व्याकरण : क्रिया भेदों सहित, भिन्नार्थक शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, मुहावरे, अपठित गद्यांश।

प्र० 1 क **निम्न दिए अनुच्छेद में क्रिया शब्दों को रेखांकित कर भेदों के अंतर्गत लिखें :–**

आज रमा का जन्मदिन है वह बहुत खुश है। उसके पिता जी ने उसके लिए नए खिलौने लाए। रमा उन्हें देख कर खुश हुई। माँ ने उसके लिए केक बनाया। शाम के 5 बजे उसके सभी मित्र आ गए। वे सब मस्ती करने लगे। कुछ देर के बाद माँ ने उन्हें शरबत पिलाया। फिर वे सब खेलने लगे। रमा ने पूरा दिन मज़ा किया। शाम को वह थक कर सो गई।

सकर्मक क्रिया	
अकर्मक क्रिया	

प्र० 2 **कोष्ठक में दिए गए उचित भिन्नार्थक शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरे :–**

क बच्चे अध्यापिका की अनुपस्थिति में —————— रहे हैं।

नदी के किनारे बहुत से —————— बैठे है।

(हँस / हस)

ख माँ अपनी साड़ी ——————कर रही है।

—————— दूर कुँए से पानी ला रही हैं।

(स्त्री /इस्त्री)

प्र० 3 **रेखांकित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखकर वाक्य पुनः लिखें :–**

1 बच्चे <u>नृत्य करने वाली</u> को ध्यान से देख रहे हैं।

————————————————————————————

2 पंडित ज्ञानचंद <u>दूसरों का भला करने वाले हैं।</u>

————————————————————————————

प्र० 4 क **नीचे रिक्त स्थानों की पूर्ति कोष्ठक में दिए उचित मुहावरा चुन कर करें :–**

1 गलती पकड़े जाने पर माँ ———————— हो गई। (आपे से बाहर होना, आँखें दिखाना)

2 बच्चे अपने माता–पिता की —————— होते हैं।(होश उड़ जाना, आँख का तारा)

ख **मुहावरों के अर्थ लिखें :–**

1 हाथ बँटाना —————— 2 कान खड़े होना —————— ।

LESSON BASED

प्र० 5 **नीचे दिए प्रश्नो के उत्तर लिखें :–**

क बादशाह ने किस बात के लिए गुलीवर की प्रशंसा की?

————————————————————————————

————————————————————————————

ख तिरुओणम के तीसरे दिन क्या होता है?

————————————————————————————

————————————————————————————

ग **पंक्तियाँ पूरी करें :–**

1 शशि भी मिटा नहीं पाता है, ——————————————।

2 —————————————————— को करता उजियार।

3 अंहकार का सदा जगत में, ————————————————————— ।

4 ————————————————————— तुम्हें जो कुछ करना हो काम।

प्र० 6 रिक्त स्थान भरें :–

1 ब्लेफुस्कू के ————— मेरे ऊपर ————— बरसाने लगे।

2 लगातार तीन ————— की भारी ————— के बाद आकाश ————— और ————— हो जाता है।

प्र० 7 निम्न शब्दों के अर्थ लिखे :–

1 चकनाचूर होना ————— 2 श्रावण मास —————

3 बालिश्त ————— 4 उल्लास —————

प्र० 8 क वर्तनी पूरी करें :–

1 उ —तर —यि —व 2 प्र —न्न — 3 आ —ति —

4 म —या — म

ख वर्तनी शुद्ध करें :–

1 विशैली : ————— 2 भाशा : —————

3 आशीरवाद : ————— 4 महतवपूर्ण: —————

प्र० 9 'इक' प्रत्यय लगाकर विशेषण बनाइए :–

पुराण : —————

प्रकृति : **इक** —————

परंपरा : —————

परस्पर : —————

प्र० 10 निम्न अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए प्रश्नों के उत्तर लिखें :–

भारत एक विशाल बहुआयामी देश है, जिसमें अनेक भाषा बोलने वाले, अनेक धर्मों, संप्रदायों, वर्गों, जातियों, संस्कृतियों तथा विचारधाराओं के लोग रहते हैं। इतनी भिन्नताएँ होते हुए भी पूरा देश एकता के सूत्र में बंधा हुआ है। जहां भिन्न–भिन्न मानयाताओं और विचारधाराओं के लोग एक साथ रहेंगे, वहाँ थोड़ा–बहुत वैमनस्य, टकराहट, झगड़े–फसाद तो होंगे ही, पर जब कभी बात पूरे राष्ट्र के सम्मान की होती है, तब संपूर्ण राष्ट्र की भावनाएँ देश के साथ होती हैं। इसलिए यह कहा जाता है कि भारत की एकता उसकी भिन्नताओं में बसी है। और आज हमारा देश ऊँचाई के जिस मुकाम पर जा पहुँचा है, वह सब हमारी राष्ट्रीय एकाता का ही प्रतीक है। देश की राष्ट्रीयता सचमुच भारत और भारतीयों का गौरव है।

प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है कि राष्ट्रीय एकता के लक्ष्य की प्राप्ति में अपना सहयोग प्रदान करे तथा अपने संकीर्ण विचारों को त्यागकर अपने दृष्टिकोण को उदार, सहिष्णु तथा विस्तृत बनाए और अपनी राष्ट्रीय एकता की नींव को मज़बूत करे।

क निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखें :–

1 **भारत की एकता किस बात में बसी है?**

—————————————————————

—————————————————————

2 **प्रत्येक भारतवासी का क्या कर्तव्य है?**

—————————————————————

—————————————————————

ख रिक्त स्थान भरें :–

1 भारत एक ————— बहुआयामी ————— है।

2 देश की राष्ट्रीयता सचमुच ————— और ————— का गौरव है।

ग विलोम शब्द लिखें :–

1 अनेक × ————— 2 सम्मान × —————

घ उर्पयोक्त गद्यांश का शीर्षक लिखें :– —————————————।